# RK GIRLS' VOICE

May, 2024

Ed.Year 7 | Shri Ratanlal Kanwarlal Patni Girls' College, Kishangarh - P. G. College Affiliated to M.D.S.U. Ajmer | Newsletter




'मन' पर नियंत्रण आवश्यक है क्योंकि मन की चंचलता पर अनेक ऋषि-मुनियों एवं विद्वानों ने अपने अनुभूत ज्ञान से व्याख्या की है। हम सबने पढ़ा व सुना है कि मन से किया गया कार्य सफलता के साथ मंजिल प्रदान करता है। इसी विचार को आत्मसात् कर दृढ़ संकल्प है कि हमारे संस्थान का प्रत्येक विद्यार्थी इस ज्ञान से अपनी मंजिल को प्राप्त करे।

इन्हीं प्रयासों का प्रकाशपुंज हमारा न्यूज़ लेटर 'आर. के.गर्ल्स वॉईस' है। इस मननशील, निष्ठित साधना हेतु सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

अशोक पाटनी
अध्यक्ष



'मनुष्य' को अपने जीवन में मन के साथ बुद्धि को विशेष महत्त्व देते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। मति अर्थात् बुद्धि सदैव सत्य कर्म की ओर प्रेरित करती हैं। आप जब भी स्थिर रहते हुए भावों को त्याग बुद्धि का सहारा लेकर कार्य करते हैं तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। हमारी वंडर गर्ल्स इसी आयाम पर सफलता के परचम फहरा रही है जिसका साक्षी हमारा न्यूज़ लेटर 'आर.के.गर्ल्स वॉईस' है। इसके नव प्रकाशन की मैं संपादक एवं सम्पूर्ण संपादन मण्डल को असीम बधाई व शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ।

सी.ए. सुभाष अग्रवाल
निदेशक व सचिव



एक विद्यार्थी को अपने जीवन की सफलता हेतु अपने मन व बुद्धि का सुंदर स्थिर संयोजन रखते हुए अध्ययन करना चाहिए। हमारा प्रयास है विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ सह शैक्षणिक वातावरण को प्राप्त कर कौशल स्थापना कर सके इसी विजन के साथ विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इन गतिविधियों का सुंदर शब्द पिटारा हमारा न्यूज़ लेटर है। इसकी अनवरत लेखनी साधना व प्रकाशन की सम्पूर्ण संपादन मण्डल को अनंत शुभकामनाएं देता हूँ।

डॉ. शैलेन्द्र पाटनी
प्राचार्य




## राष्ट्र संत परम पूज्य श्री गोविंददेव गिरीजी महाराज का व्याख्यान

23 अगस्त, आध्यात्मिक प्रेरणा एवं जीवन के प्रबंधन को समझने हेतु 'भगवत गीता के महत्व से युक्त युवा पीढ़ी एवं भगवत गीता' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। राष्ट्र संत परम पूज्य श्री गोविंददेव गिरीजी महाराज, कोषाध्यक्ष, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने व्याख्यान में कहा कि भगवत गीता जीवन का संपूर्ण मार्गदर्शन है। भगवत गीता ज्ञान, ध्यान, अध्यात्म, सम्बंध, प्रबंधन, नेतृत्व एवं आत्मविश्वास का ऐसा संगम है जिससे मानव जीवन में संपूर्ण सीख व सफलता प्राप्त होती है। यदि आप अपने जीवन में निरंतर स्वाध्याय करते हुए ज्ञान प्राप्ति करते रहते हैं तो सफलता स्वयं आपको प्राप्त होती है। आज चहुँओर शिक्षा के विविध आयाम है परंतु अपने जीवन को गुरुकुल प्रणाली जैसा रखते हुए ज्ञान ग्रहण करें तो अवश्य ही भारत ज्ञान के प्रकाश को प्रकाशवान करने में अग्रणी होकर विश्व गुरू बनेगा। परम पूज्य संत गोविन्द देव गिरी जी का स्वागत एवं अभिनन्दन महाविद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य महावीर कोठारी, निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा, डॉ. अनिल पाराशर ने किया। इस अवसर पर पंडित देवीलाल जी शास्त्री, विजय कुमार चरखा, पूनम चरखा, अनीता परवाल, पदमा तापड़िया, अनुराधा धूत, प्रीति राठी, प्रभा पेड़ीवाल, अनन्या धूत, स्तुति धूत, चिराग, पण्डित प्रफुल्ल, पण्डित कार्तिक, कपिल एवं कमल सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। व्याख्यान का समन्वय मनीषा यादव एवं मंच संचालन डॉ वर्षा जैन ने किया गया।

## सपनों की उड़ान भर जीवन को सफलतम बनाएं - अशोक पाटनी





10 अगस्त, सत्र 2023-24 में अध्ययन हेतु प्रवेशित नव छात्राओं को ओरिएंटेशन कार्यक्रम में संबोधित करते हुए प्रबंध समिति के चेयरमैन अशोक पाटनी ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में अध्ययनरत हर बेटी उत्तम उत्कृष्ट शिक्षा ग्रहण कर अपने सपनों को साकार कर सफल बन सके ऐसी संकल्पना से यह महाविद्यालय संकल्पबद्ध है। प्रबंध समिति के निदेशक व सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमारी वंडर गर्ल्स हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर रही है। हमारा विश्वास है आप नव प्रवेशित छात्राएं भी प्रेरणा प्राप्त कर सफलतम आयाम प्राप्त करेंगी। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय शिक्षा, साहित्य, खेल एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु विविध अवसर प्रदान करता है। आप क्षेत्र में लाभान्वित हो यही मंगलकामनाएं है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समन्वय वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष अविनाश तोतलानी, डॉ. वर्षा जैन व प्रियंका कुमावत ने किया।

## भारत विश्व पटल पर दैदीप्यमान: शांता पाटनी



15 अगस्त, 77वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आमंत्रित मुख्य अतिथि सुरेश पाटनी एवं शांता पाटनी उपस्थित रहे एवं शांता पाटनी ने अपने उद्बोधन में आज हमारे लिए गर्व का विषय है कि आज भारत विश्व पटल पर हर क्षेत्र में दैदीप्यमान है एवं अपनी ज्ञान आभा से शीघ्र ही विश्वगुरू की ओर अग्रसर है। विशिष्ट अतिथि सी.ए. कौशल बियानी ने स्वतंत्रता संघर्ष को स्मरण करते हुए कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग जीवन का विशिष्ट पहलू है। विशिष्ट अतिथि एवं प्रबंध समिति सदस्य महावीर कोठारी ने कहा कि मनुष्य को अपने जीवन के सर्वांगीण विकास हेतु व्यावहारिकता का पक्ष प्रबल करते हुए विकास के पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।

# सम्पादकीय



योग, ध्यान, साधना, मनन या अध्ययन में बुद्धि का नियंत्रित संयोग आवश्यक है। आपने यह अध्ययन किया होगा कि अनेक श्रेष्ठ ऋषि-मुनि एवं साहित्यकारों ने बताया कि मन से किया गया कार्य उपलब्धियां प्रदान करता है। वेद, पुराण, उपनिषद् एवं भारतीय आध्यात्मिक ग्रंथों में कर्म, कर्त्तव्य व निष्ठता के साथ परिश्रम को महत्त्वपूर्ण स्वरूप में माना गया है। मनुष्य के जीवन की सफलता का प्रथम आधार उसका कर्म है। इसी कारण से गीता में श्री कृष्ण के द्वारा यह कहा गया है कि हे मानव ! तुम कर्म करते जाओ फल की इच्छा मत करो क्योंकि जब तुम्हारे कर्म में सत्यनिष्ठता होगी तो फल स्वतः ही फलीभूत होगा। कर्म ज्ञान के पश्चात यदि एक जिज्ञासु एवं कर्मशील व्यक्ति अपने कार्य को कर्त्तव्य समझ कर आपनी मंजिल की ओर बढ़ता है तब अनेक कठिनाईयां राह में पसरकर बाधाएं उत्पन्न करती है। परन्तु एक कर्त्तव्य साधक अपनी कर्त्तव्यशीलता से अपनी मंजिल को अवश्य प्राप्त करता है।

हम जब अपने गुणों में कर्म व कर्त्तव्य के साथ निष्ठा शक्ति को संयोजित कर अपने परिश्रम को चहुँओर से परिनिष्ठित कर लेंगे तब हमारा कर्मफल अवश्य ही जाग्रत स्वरूप धारण कर सफलता प्रदान करेगा। इन्हीं समस्त स्वरूपों को गहनतम परिकल्पना के साथ संयोजित करने का हमारा यह अनवरत नव लेखन पर्याय है ।

डॉ. हुकम सिंह चम्पावत
संपादक


## संपादन

**संरक्षक**
अशोक पाटनी

**परामर्श**
सी.ए. सुभाष अग्रवाल
डॉ. शैलेन्द्र पाटनी

**संपादक**
डॉ. हुकम सिंह चम्पावत

**टंकण**
नेहा शर्मा

**प्रकाशन**
अमित दाधीच
राजेश कुमार जैन


## एक दिवसीय राष्ट्रीय कला संगोष्ठी: साहित्य, संगीत, नृत्य एवं स्थापत्य





17 फरवरी, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स कॉलेज एवं संस्कार भारती चित्तौड़ प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में अजमेर मेरवाड़ा राष्ट्रीय कला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य अतिथि जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति डॉ. लोकेश कुमार शेखावत ने बताया कि किसी भी देश के विकास में कला का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। मुख्य वक्ता डॉ. राम जैसवाल ने बताया कि कला मानव की सौंदर्य भावना का परिचय होती है और यह मानव संस्कृति की उपज है। विशिष्ट अतिथि घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि भारतीय लोक कला मूलतः ग्राम्य में अंचलों में जनसामान्य और आदिवासी विशिष्ट समूह द्वारा धारित एवं संरक्षित कला है। संस्कार भारती के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र प्रमुख डॉ. सुरेश बबलानी ने कहा कि कला का उद्देश्य सौंदर्य सृजन है। डॉ. सतीश ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान में कलाएं संरक्षण के अभाव में विलुप्त हो रही है इन्हें बचाना आवश्यक है।

शेष पृष्ठ 6 पर

## अनुसंधान पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस



29-30 जनवरी, श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स कॉलेज, किशनगढ़ एवं इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन ( आईआरए ), जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 'मानविकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पर्यावरणीय स्थिरता, सामाजिक विज्ञान और अनुप्रयुक्त विज्ञान में बहुविषयक अनुसंधान और रुझान' पर दो दिवसीय इंटरनेशनल वर्चुअल कांफ्रेंस का आयोजन किया गया।

कांफ्रेंस के पहले दिन मुख्य अतिथि प्रो. अजय कुमार सिंह, डीन, वाणिज्य एवं प्रबंध संकाय, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स, दिल्ली विश्वविद्यालय ने उद्घाटन भाषण दिया। सम्मानित अतिथि के तौर पर डॉ. ध्रुव कुमार, ग्लासगो कॉलेज, यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्रेथक्लाइड, यूनाइटेड किंगडम ने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. मनविंदर सिंह पाहवा, वाणिज्य विभाग, डॉ. हरि सिंह गौर विश्वविद्यालय, मध्य प्रदेश ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. चाय चिंग टेन, प्रबंध एवं सूचना तकनीकी संकाय, राजा मंगला यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी, थाईलैंड, डॉ. नाडा रैटकोविक, सहायक आचार्य, अर्थशास्त्र व्यवसाय और पर्यटन संकाय, क्रोएशिया, डॉ. अनुकृति शर्मा, सह आचार्य, कोटा विश्वविद्यालय और प्रो. रानिया लाम्पौ, स्टेम प्रशिक्षक व ग्लोबल एजुकेटर, ग्रीक एस्ट्रोनॉमी एंड स्पेस कंपनी ने समृद्ध दृष्टिकोण प्रदान किए।

शेष पृष्ठ 6 पर

## उदयपुर में एन.सी.सी. कैडेट का दस दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

07 जुलाई, आर्मी विंग एन.सी.सी. कैडेट का उदयपुर में दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम पूर्ण हुआ। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि यह कैंप 5 राज गर्ल्स बटालियन, एन.सी.सी. उदयपुर द्वारा आयोजित एन.सी.सी. कैम्प में प्रभारी अंकिता पारीक व 22 कैडेट ने भाग लिया प्रशिक्षण के अंतर्गत ड्रील, मार्च पास्ट, फायरिंग, रिलेरेस, टेंट पिचिंग, ऑब्स्टिकल, पी.टी., परेड, कमांड इत्यादि प्रशिक्षण प्राप्त किया। दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट ने फायरिंग, रिले रेस, गार्ड ऑफ ऑनर, बेस्ट पायलेट ड्रील आदि प्रतियोगिताओं में विजेता रहे।

## स्काउट गाइड रेंजर का पुष्कर घाटी में पाँच दिवसीय प्रशिक्षण



26 जुलाई, भारत स्काउट गाइड रेंजर ने राज्य स्तरीय पुरस्कार हेतु पुष्कर घाटी में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि हमारे स्काउट गाइड रेंजर राज्य स्तरीय पुरस्कार में भागीदारी दर्ज कर सकें इस दृष्टि से यह प्रशिक्षण कैंम्प महत्त्वपूर्ण रहा। सृष्टि असाटी रेंजर लीडर के रूप में मौजूद रही एवं बताया कि रेंजर्स ने इस प्रशिक्षण में स्काउट के विविध आयामों को सीखा।

## आपदा प्रबंधन विषयक कार्यशाला



17 अगस्त, खेल विभाग व स्पोर्टस् क्लब द्वारा एन.डी. आर.एफ. किशनगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आपदा प्रबंधन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। एन.डी.आर.एफ. मुख्य चीफ ( राजस्थान ), योगेश कुमार मीणा ने विद्यार्थियों को आपदा प्रशिक्षण प्रदान करते हुए बताया कि जब भी प्राकृतिक आपदा आती है तो हमें धैर्य एवं हिम्मत के साथ तत्पर रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि भूकंप, दुर्घटनाएं, आगजनी, जलजला व कभी सर्पदंश की घटनाएं हो जाए तो हमें आपदा से कैसे बचना है। इंस्पेक्टर बाबूलाल व इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार सी.पी.आई. डेमो के माध्यम से मरीज की जान किस प्रकार से बचाई जाए यह भी प्रायोगिक स्वरूप से समझाया गया। समन्वय खेल विभाग की निदेशक सृष्टि असाटी व प्रबंधन विभाग के पुनीत टाक एवं संचालन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष कविता प्रियदर्शनी ने किया।

## रक्षाबंधन पर राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजन



28 अगस्त, गृह विज्ञान विभाग एवं क्रिएटिविटी-फिल्म एंड फोटोग्राफी क्लब 'सृजन' के द्वारा राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने रक्षाबंधन पर्व के महत्त्व को समझते हुए राखी बनाने प्रतियोगिता के माध्यम से कौशल विकास की राह प्रशस्त की। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने छात्राओं के सृजनशीलता एवं कल्पनाशीलता को सराहा तथा इस रक्षाबंधन के पावन त्योहार को प्रेम व सद्भावना से मनाने को प्रेरित किया। विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समन्वय डॉ. पूजा बागड़ी, डिंपल ज्योतियाना, अंकित पारीक व अनुराधा शेखावत ने किया तथा निर्णायक के रूप में डॉ. वर्षा जैन, देवश्री जैन एवं मनीषा यादव रहे।

## मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर खेलों का आयोजन



29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस एवं मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस उपलक्ष्य में खेल विभाग तथा आर.के. वॉरियर क्लब द्वारा विविध खेलो का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ करते हुए प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने खेल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बालिकाओं के जीवन में खेलों का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है और इसके लिए हमें उन्हें प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल दिवस पर सितोलिया, रस्सा खींच, क्रिकेट, बास्केट-बाल, वॉलीबाल आदि खेल सम्पन्न हुए। समन्वय खेल विभाग की सृष्टि असाटी एवं संचालन सहायक आचार्य पुनीत टाक व अनुराधा शेखावत ने किया।

## शिक्षक ज्ञान का आधार है – कर्नल राजेश कुमार



05 सितम्बर, भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि कर्नल राजेश कुमार कमांडिंग ऑफिसर एन.सी.सी. 5 राज गर्ल्स बटालियन, उदयपुर ने कहा कि राधाकृष्णन शिक्षक जीवन का एक महत्त्वपूर्ण आधार है। उनकी प्रेरणा से समाज में शिक्षा को प्रचारित-प्रसारित करने वाला शिक्षक स्वयं एक गौरव है। निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने बताया कि एक शिक्षक जीवन भर के लिए एक बच्चे की आत्मा को ज्ञानरूपी पोषण देता है शिक्षक ही अतीत प्रस्तुत करता है वर्तमान को प्रकट करता है और भविष्य बनाता है। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने कहा कि जीवन में गुरु का अति महत्वपूर्ण स्थान है। कार्यक्रम में नर्सिंग महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिल पाराशर, अंजना राव-जी.सी.आई., सुखचैन सिंह-सूबेदार, मुकेश कुमार-हवलदार उपस्थित रहे। समन्वय मनीषा यादव एवं मंच संचालन कविता प्रियदर्शनी, प्रतिभा पारिक ने किया।

## पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ बनाती तितलियाँ : शोध



06 सितम्बर, स्नातकोत्तर प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा बिग बटरफ्लाई मंथ 2023 के अंतर्गत विभिन्न प्रजातियों की तितलियों की शोध के माध्यम से पहचान व गणना की गई। इस सम्बंध में संदेश प्रेषित करते हुए निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमारा महाविद्यालय पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से अनवरत प्रगतिशील है। तितलियों से युक्त यह शोध विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए नव सीख है। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने पर्यावरण में हर जीव के महत्त्व को बताते हुए कहा कि प्रत्येक प्राणी को संरक्षित करना आवश्यक है जिसमें तितलियां भी एक है जो पराग कण क्रिया में सहायक होती है। समन्वय एवं प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष विश्वजीत जारोली व सहायक आचार्य कनिका गुप्ता, वंदना जोशी, सोनाली खियानी एवं निंकू टाक ने किया।

## एन.एस.एस. ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने जाने अपने कर्त्तव्य



13 सितम्बर, एन.एस.एस. यूनिट प्रथम. द्वितीय एवं तृतीय के अन्तर्गत नव एन.एस.एस. स्वयंसेवकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र सिंह, राजस्थान राज्य समन्वयक तथा एस.एन.ओ. एस.पी भटनागर, राजस्थान क्षेत्रीय निदेशक, एन.एस.एस. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्त्तव्य एवं लक्ष्य को केन्द्र बिन्दु में रखते हुए व्यक्तित्व निर्माण की सीख प्रदान करते हुए राष्ट्र उत्थान में अपने योगदान को प्रतिपादित किया। निदेशक एवं सचिव सीए सुभाष अग्रवाल ने कहा कि देश और समाज ने हमें बहुत कुछ दिया है राष्ट्रीय सेवा योजना भी इसका एक कर्त्तव्यपूर्ण उदाहरण है। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। समन्वय एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. रुचि मिश्रा, गीता पालीवाल, रुचि चौहान एवं संचालन प्रतिभा पारीक, खुशी एवं किरण ने किया।

## पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला



12 सितम्बर, भूगोल एवं कंप्यूटर विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को भौगोलिक संरचना के आधार पर देश काल परिस्थिति के अनुसार आई.टी. का सहयोग प्राप्त कर नवचार की दिशा में कैसा बढ़ा जाये यह सीख प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने सॉफ्टवेयर के विविध स्वरूपों का अध्ययन कार्यशाला के अन्तर्गत सीखा। कार्यशाला का समन्वय भूगोल विभागाध्यक्ष रोहिणी यादावार एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष रवि सोनी ने किया।

## राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर व्याख्यान



8 सितम्बर, गृह विज्ञान विभाग द्वारा 1 – 7 सितंबर 2023 पोषण सप्ताह का आयोजन किया गया है। पोषण सप्ताह के अन्तर्गत सप्ताह का शुभारंभ करते मुख्य वक्ता सह आचार्य डॉ. मीनाक्षी जैन, राजकीय महाविद्यालय, अजमेर ने बताया की पोषण सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य स्वस्थ आहार के महत्व और शरीर पर इसके प्रभाव को उजागर करना है। इसमें एक स्वस्थ बच्चे, युवा, युवती एवं वृद्ध तक का आहार सम्पूर्ण दिवस में कैसा हो यह ज्ञान आवश्यक है। सप्ताह के अन्तर्गत सलाद बनाना, पेय पदार्थ बनाना, पोस्टर व कोलाज मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। संचालन सहायक आचार्य अंकिता पारीक व अनुराधा शेखावत ने किया।

# हिंदी आत्मीयता और संवेदनाओं से परिपूर्ण भाषा है : डॉ. एस. पी. महेन्द्रा



14 सितंबर, हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'वर्तमान में हिंदी भाषा और कौशल विकास' विषयक एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रो. एस. पी. महेंद्रा, विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर ने कहा कि हिंदी आत्मीयता और संवेदनाओं से परिपूर्ण भाषा है। यह एक समृद्ध भाषा होने के साथ-साथ व्यक्ति को वैश्विक दृष्टि से कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराती है। विस्तार व्याख्यान का समन्वय करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चंपावत ने बताया कि संस्थान की स्थापना से लगाकर अब तक विभाग द्वारा विभिन्न विषयक विस्तार व्याख्यान सम्पन्न हुए हैं। अतिथियों का आभार एवं संचालन डॉ. ज्योति शर्मा ने किया।

# ओजोन दिवस पर प्रतियोगिता




भूगोल एवं भौतिकी विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 28 प्रेजेंटेशन की प्रविष्टियां हासिल हुई तथा कुल 40 छात्राओं ने अपने प्रेजेंटेशन निर्णायकों के सामने प्रस्तुत किये। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समन्वय भूगोल विभागाध्यक्ष रोहिणी यादावार, भौतिकी विभागाध्यक्ष देवश्री जैन एवं संचालन विद्यार्थी शिवानी शर्मा ने किया।

# महात्मा गांधी जयंती पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 का आयोजन



02 अक्टूबर, राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं एन.सी.सी. व स्काउट एंड गाइड की छात्राओं के द्वारा भारत सरकार के निर्देशानुसार 15 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत महात्मा गांधी जयंती पर फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0 में छात्राओं ने प्लोग रन के द्वारा किशनगढ़ के डाक बंगला, बस स्टेण्ड से पहाड़िया चौराहा तक स्वच्छता अभियान के तहत जगह-जगह से कचरा उठाकर किशनगढ़ वासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा सहित संकाय सदस्य उपस्थित रहे एवं समन्वय प्रभारी डॉ. रुचि मिश्रा, रूचि चौहान एवं गीता पालीवाल ने किया।

# राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में विजेता रही : वंडर गर्ल्स



30 सितम्बर, राजस्थान फिल्म फेस्टिवल, जयपुर में आयोजित अंतर विद्यालय एवं महाविद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं झिलमिल ग्रुप ने डांस प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं 30 छात्राओं ने डांस, फैशन शो एवं कुकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता रही छात्राओं को निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। समन्वय सांस्कृतिक क्लब की समन्वयक मनीषा यादव एवं सदस्य डॉ. वर्षा जैन, प्रियंका कुमावत ने किया।

# फेस पेंटिंग से वन्य-जीव सप्ताह का शुभारंभ : संरक्षण



03 अक्टूबर, प्राणी शास्त्र विभाग द्वारा फेस पेंटिंग से वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र विश्वजीत जारोली ने बताया कि वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण की सुरक्षा हेतु जनजागृति आवश्यक है। इसके अन्तर्गत फेस पेंटिंग, क्विज, आर्टिस्टिक डेमोंसट्रेशन, नेक्स्ट मेकिंग, नेचर-जी आदि विषय पर पेंटिंग बनाई गई। रुचि चौहान, सोनाली खियानी, वंदना जोशी, कनिका गुप्ता मागदर्शन किया।

# टॉलीवुड ट्यूंस 2023 : योगिता राजपुरोहित मिस फ्रेशर्स



07 अक्टूबर, नव प्रवेशित छात्राओं के लिए फ्रेशर्स पार्टी टॉलीवुड ट्यूंस 2023 का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राम सिंह गुर्जर एस. डी.एम. किशनगढ़ ने कहा कि हमें अपनी मंजिल के लिए अनवरत कठिन निष्ठापूर्ण प्रयत्न करने चाहिए। इसी क्रम में आर. के. परिवार से आमंत्रित सुशीला पाटनी ने कहा कि संस्कार हमारे जीवन की महत्त्वपूर्ण पूंजी है। इन्हीं संस्कारों की प्राप्ति का पुनीत स्थान यह महाविद्यालय है। सदस्य, प्रबंध समिति शुची पाटनी ने सफलतम जीवन की शुभकामनाएं प्रदान की एवं महावीर कोठारी ने अभिप्रेरित करते हुए कहा कि प्रथम मंच से ही सफल मंच तक पहुँचता है।



फ्रेशर्स पार्टी में मिस इवनिंग स्टार्स मिस फ्रेशर्स योगिता राजपुरोहित, मिस साउथ इंडियन रैड्डी गिविषा, मिस सर्दन ब्यूटी वंशिका जैन, मिस सर्दन स्टेट, नेहा मालाकार, मिस दक्षिण कली रेणुका चौधरी, मिस स्टाइल आइकन, दिव्यांशी झाला, मिस फाइनेस्ट अटायर राशि शर्मा, मिस राइजिंग स्टार्स भाग्यश्री सोनी चुनी गई। कार्यक्रम में आदि पाटनी, अरहान पाटनी, जय श्री अग्रवाल, नीतू शर्मा, सुशील बंसल, सूर्या बंसल, नवनीत मेहता, राजेश गर्ग, मधु राजश्री मुद्गल, विक्रम सिंह पंवार उपस्थित रहे। शिल्पा बराडिया, आरती असावा व ज्योति



मेहता ने निर्णायक की भूमिका अदा की। समन्वय मनीष यादव, डॉ. वर्षा जैन एवं संचालन पूनम झामनानी, सुमेधा त्रिपाठी, मुस्कान माहेश्वरी, जाह्नवी नानवानी ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस पर क्विज प्रतियोगिता



13 अक्टूबर, अंतर्राष्ट्रीय ई-वेस्ट दिवस पर आई.क्यू.ए.सी., उन्नत भारत अभियान, प्राणी शास्त्र विभाग और राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. दीपक तंवर, एस.ई.ई. एवं रिजनल ऑफिसर व सुपरिंनटेडिंग वैज्ञानिक अधिकारी डॉ. कृति शर्मा राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, किशनगढ़ ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। समन्वय प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष विश्वजीत जारोली ने किया एवं आर. के. मार्बल ग्रुप के लीगल एडवाइजर आदित्य जैन उपस्थित रहे।

## आध्यात्मिक शक्ति की प्रेरणा : डांडिया महारास



19 अक्टूबर, कल्चरल क्लब द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में आध्यात्मिक शक्ति की प्रेरणा डांडिया महारास का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि शिवम शर्मा, डायरेक्टर कवरेज ऑफ बारक्लेज प्राइवेट क्लाईंटस इंडिया ने कहा कि आध्यात्मिकता के विविध रंग में समाहित आध्यात्मिकता शक्ति का संचार करता डांडिया महारास है जिसमें माँ शक्ति के नवरूपों का स्मरण है। निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमारा यह प्रयास है कि प्रत्येक विद्यार्थी में आध्यात्मिकता का स्वरूप ज्ञान प्रतिस्थापित हो सके। डांडिया महारास प्रतियोगिता के ग्रुप डांस में विज्ञान संकाय प्रथम, कला संकाय द्वितीय और कम्प्यूटर विज्ञान संकाय तृतीय स्थान पर रही। समन्वय मनीषा यादव, डॉ. वर्षा जैन एवं संचालन रोहिणी यादावर और कनिका गुप्ता ने किया।

## सोलिलोक्वी प्रतियोगिता का आयोजन



21 अक्टूबर, अंग्रेजी विभाग द्वारा सोलिलोक्वी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 40 छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस सम्बंध में प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की अकादमिक गतिविधियों से विद्यार्थियों में अकादमिक सीख की स्थापना होती है। समन्वय अंग्रेजी विभाग की कविता प्रियदर्शनी एवं संचालन हर्षिता, प्रिवी, फाल्गुनी और जागृति ने किया।

## विद्यार्थियों की आई. सी. आई. सी. आई. बैंक विजिट

02 नवम्बर, वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों हेतु बैंक कार्यप्रणाली को समझने की दृष्टि से मार्बल एरिया स्थित आई.सी.आई.सी.आई. बैंक की शाखा में विजिट रखी गई। विजिट के अंतर्गत बैंक के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक आनंद व्यास ने बैंक की भौतिक कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की ओर से प्रतिपादित नियमों और उप नियमों के बारे में एवं सेल्स प्रबंधक मनीष जोशी ने विद्यार्थियों को चेक, नेफ्ट, आर.टी.जी.एस., आई.एम.पी.एस. एवं बचत खाता के बारे में विस्तृत क्रम से समझाया। बैंक के शाखा प्रबंधक अनिल त्रिपाठी, उप शाखा प्रबंधक हनुमान प्रजापत ने बैंक के सामान्य नियमों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का समन्वय वाणिज्य विभाग की सहायक आचार्य डॉ. वर्षा जैन ने किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर प्रतियोगिता



31 अक्टूबर, सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस व राष्ट्रीय एकता दिवस पर शिक्षा विभाग एवं पर्सनेलिटी डवलपमेंट क्लब द्वारा विडिओ मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके व्यक्तित्व पर संक्षिप्त विडियों बनाकर विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रतियोगिता में योगिता राजपूरोहित प्रथम, कनिका जैन द्वितीय एवं सुरभि चाण्डक तृतीय स्थान पर रही। समन्वय श्रद्धा राजपूत, रसायन विभाग, शिक्षा विभाग ने किया।

## स्काउट गाइड रेंजर्स का चार दिवसीय शिविर



03 नवम्बर, पुष्कर में स्काउट गाइड रेंजर हेतु चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर 30 अक्टूबर से 2 नवंबर रहा। इस शिविर के अंतर्गत रेंजर्स को बी.पी.एस.-6 का प्रशिक्षण दिया गया साथ ही प्राथमिक उपचार से संबंधित प्रायोगिक परीक्षाएं ली गई, जिससे रेंजर्स को नेतृत्व की क्षमता और आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समन्वय स्काउट गाइड रेंजर्स लीडर सुगंधा मंत्री एवं ज्योति शर्मा ने किया।

## स्प्रेड स्माइल्स दिस दिवाली : करूणा क्लब




08 नवम्बर, करुणा क्लब द्वारा दीपावली पर्व पूर्व 'स्प्रेड स्माइल्स दिस दिवाली' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'फील द जॉय ऑफ गिविंग' की भावनाओं को समझते, सहजते विचारों के साथ करुणा क्लब द्वारा हर होठ हंसी से युक्त त्योहार संग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके सराहनीय कार्यों हेतु दीपावली पर्व पर उपहार प्रदान कर पर्व संबल प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि रूपा रावत सिंघवी, प्रोजेक्ट लीडर डब्ल्यू.एच.ओ. ने करुणा का अर्थ बताते हुए कहा कि हमें सदैव दूसरो की स्थिति परिस्थिति को देखकर भावों को जोड़ना चाहिए। सही अर्थ में यही करूणा के भाव है। विशिष्ट अतिथि विक्रम सिंघवी, साइबर सिक्योरिटी प्रोफेशनल ने बताया कि मानवता के नाते हमारे मन में करूणा, दया एवं सहयोग का भाव सदैव रहना चाहिए। प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि किसी भी कार्य से यदि सामने वाले के होठों पर हम हँसी या खुशी ला सकें यही मानव धर्म है। समन्वय करुणा क्लब की समन्वयक पूनम झामनानी ने किया। संचालन क्लब के सदस्य पुनीत टाक, निहारिका शर्मा, सोनाली खियानी ने किया।

लगातार पृष्ठ 2 से...

## अनुसंधान पर इंटरनेशनल कांफ्रेंस...

कांफ्रेंस के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (सीआईएमपी) पटना, बिहार के निदेशक डॉ. राणा सिंह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सम्मानित अतिथि, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी, बिहार के प्रबंधन विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. पवनेश कुमार ने बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान की। इंस्पिरा रिसर्च एसोसिएशन के उपाध्यक्ष और वनस्थली विद्यापीठ में प्रबंधन विभाग के प्रो. अनिल मेहता ने दूसरे दिन के सत्र की अध्यक्षता की। मुख्य वक्ता डॉ. निकोलिना लेजेपावा, अध्यक्ष, प्रबंधन विभाग, अमेरिकन यूनिवर्सिटी इन द एमीरेट्स, यूएइ और डॉ. अभिषेक शर्मा, सहायक आचार्य, बरेली कॉलेज ने अपनी विशेषज्ञता साझा की। निदेशक और सचिव सीए सुभाष सी. अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने दो दिवसीय इंटरनेशनल वर्चुअल कांफ्रेंस के मुख्य अतिथि एवं शोध पत्र वाचन अभ्यर्थियों का स्वागत व आभार व्यक्त किया। कांफ्रेंस का आयोजन सचिव डॉ. रुचि मिश्रा, रवि सोनी एवं आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक विश्वजीत जारोली ने किया।

## एक दिवसीय राष्ट्रीय कला संगोष्ठी...

प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि कलाओं में इतिहास, संस्कृति, ज्ञान-विज्ञान और जीवन की सारगर्भिता के दर्शन होते हैं। संगोष्ठी सहसचिव एवं हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चम्पावत ने बताया कि संगोष्ठी में कला, साहित्य, संगीत आधारित तीन तकनीकि सत्र आयोजित किये गये जिनमें शोध पत्रों का वाचन व संगीत कला का प्रदर्शन किया गया।

## 36 वे अंतरमहाविद्यालय लॉन टेनिस टूर्नामेंट 2023-24 का सफल आयोजन




21 नवम्बर, एम.डी.एस.यूनिवर्सिटी, अजमेर द्वारा 36वें अंतरमहाविद्यालय लॉन टेनिस मेन वूमेन टूर्नामेंट का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि इस टूर्नामेंट में मेन की 6 टीम व वूमेन की 5 टीम सहित 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके अन्तर्गत अजमेर, आसींद, केकड़ी, किशनगढ की टीमों ने प्रतिभागिता दी। प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की। समन्वय खेल विभागाध्यक्ष सृष्टि असाटी व संचालन पुनीत टाक, अनुराधा शेखावत, सिमरनजीत कौर, रक्षिता, छात्रा हर्षिता, स्तुति ने किया।

## राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षिक भ्रमण

19 अगस्त, शैक्षिक दृष्टि से विद्यार्थियों में सीख की स्थापना हो सके इस उद्देश्य से महाविद्यालय के विद्यार्थियों का राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्बन्ध में प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि इस भ्रमण में यू.जी. व पी.जी. सहित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

## छात्राओं ने समझी महाविद्यालय की शैक्षिक और सह-शैक्षिक कार्यप्रणाली

बी.ए.बीएड. एवं बी.एससी.बीएड. प्रथम वर्ष सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित छात्राओं को महाविद्यालय की कार्य प्रणाली से रूबरू कराने के उद्देश्य से ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि छात्राओं के व्यक्तित्व का विकास आज के समय की प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। ओरिएंटेशन कार्यक्रम का समन्वय डॉ. स्मिता पंचोली एवं संचालन श्रद्धा राजपूत ने किया गया।



## उदर हेतु ऐलबेण्डाजोल टेबलेट का वितरण

09 सितम्बर, उन्नत भारत अभियान, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, स्काउट एण्ड गाईड व एन.सी.सी. इकाई द्वारा बेटियों के उदर में किसी भी प्रकार की अस्वस्थता न हो इसे ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से ऐलबेण्डाजोल कृमिनाशक टेबलेट खिलाई व वितरित की गई। टेबलेट वितरण कार्यक्रम का समन्वय विश्वजीत जारोली, डॉ. रूचि मिश्रा, गीता पालीवाल, मनीषा यादव, सृष्टि असाटी व अंकिता पारीक ने किया।

## रेज्यूमे मेकिंग पर एक दिवसीय कार्यशाला



14 दिसम्बर, कंप्यूटर साइंस विभाग ने छात्राओं को प्रतिस्पर्धात्मक युग में रोजगार हेतु आवेदन के ज्ञान हेतु 'ए. आई. टूल्स रेज्यूमे मेकिंग' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष रवि सोनी ने प्रतिभागियों को रिज्यूमे निर्माण की जटिलताओं और ए.आई. टूल के उपयोग के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया।

## शॉर्ट स्टोरी नैरेशन प्रतियोगिता का आयोजन

15 दिसम्बर, अंग्रेजी विभाग द्वारा शॉर्ट स्टोरी नैरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 10 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहले स्थान पर नज़मीन बानो और आस्था आर्य रहीं, दूसरे स्थान पर लवली और फाल्गुनी रही और तीसरे स्थान पर हर्षिता और निशिका रही। समन्वय कविता प्रियदर्शनी ने किया।

## विद्यार्थी परिषद क्लब एवं एल्यूमिनाइ पदाधिकारियों को शपथ



22 दिसंबर, विद्यार्थी परिषद् क्लब एवं एल्यूमिनाइ मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने पदाधिकारियों को उनके कर्त्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाते हुए कहा कि संस्थान को शैक्षिक व सह शैक्षिक दृष्टि से प्रगति पथ पर ले जाने का दायित्व आप सबका है। इसी अपेक्षा से मैं आप सबके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ। समन्वय डॉ. मितेश जुनेजा, डॉ. हुकम सिंह चम्पावत, रवि सोनी, देवश्री जैन एवं डॉ. राधा गुप्ता ने किया।

## हमारा संविधान हमारी शक्ति है : रेखा शर्मा




26 जनवरी, 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कर मुख्य अतिथि रेखा शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, अतिरिक्तनिदेशक बीमा एवं प्रावधायी विभाग, अजमेर, ने 75वें गणतंत्र दिवस पर कहा कि भारत का संविधान विश्व के अन्य संविधानों से श्रेष्ठ एवं शक्तिशाली है। विशिष्ट अतिथि आर. के. परिवार एवं कॉलेज प्रबंध समिति सदस्य सुशीला पाटनी ने कहा कि हमारा देश एक सम्पूर्ण कुटुम्ब परिकल्पना को साकार करने का श्रेष्ठ प्रमाण है। प्रबंध समिति सदस्य व कोषाध्यक्ष महावीर कोठारी ने बताया कि हमारा संविधान युवाओं में आत्मविश्वास की जाग्रति उत्पन्न करता है। अतिथियों का स्वागत प्रबंध समिति निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल व प्राचार्य डॉ.शैलेन्द्र पाटनी ने किया। नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल पाराशर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समन्वय कल्चरल क्लब एवं संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चंपावत व भूगोल विभागाध्यक्ष रोहिणी यदावार ने किया।

## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर प्रतियोगिता



02 दिसम्बर, राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर विद्यार्थियों में पर्यावरण चेतना एवं जागृति उत्पन्न करने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा प्रदूषण नियंत्रण जागरूकता विषयक पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ज्योति, द्वितीय वर्ष-बी.ए.बीएड., आस्था आर्य, द्वितीय वर्ष-बी.एससी. एवं मुस्कान भाटी, तृतीय वर्ष-बी.ए.बीएड. विजेता रही। शिक्षा विभाग विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पंचोली ने कहा कि यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त उदाहरण है। समन्वय अर्चना कोठारी ने किया।

## दो दिवसीय कत्थक कार्यशाला का आयोजन



13 जनवरी, कल्चरल क्लब द्वारा दो दिवसीय कत्थक कार्यशाला का आयोजन रखा गया। इस कार्यशाला में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना माधुरी की शिष्या व कॉलेज की वाणिज्य संकाय में अध्ययनरत छात्रा चित्रा ने कॉलेज व किशनगढ़ क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपनी कत्थक कला से नृत्य प्रस्तुति की सीख दी। समन्वय डॉ. वर्षा जैन एवं प्रियंका कुमावत ने किया।

# समाचार अनवरत...

## सुरसुरा गाँव में पर्यावरण जाग्रति हेतु सर्वेक्षण, पौधारोपण, रैली का आयोजन



18 मार्च, शिक्षा विभाग में अध्ययनरत बी.ए.बीएड. एवं बी.एससी.बीएड. द्वितीय वर्ष की छात्राओं को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर के पाठ्यक्रम के अनुसार सामाजिक और पर्यावरणीय संवेदनशीलता के अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 12 मार्च से 21 मार्च तक आयोजित हो रहे वर्किंग विद कम्यूनिटी केम्प के अन्तर्गत सुरसुरा गाँव में सर्वेक्षण, पौधारोपण, रैली, नुक्कड़ नाटक एवं पेपर बैग वितरण से जुड़ी गतिविधियों को आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा सुरसुरा गाँव का सामाजिक, भौगोलिक, राजनीतिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और ऐतिहासिक परिदृश्य को जानने का प्रयास किया गया। समन्वय डॉ. स्मिता पंचौली व सुरसुरा गाँव के सर्वेक्षण एवं अध्ययन में रूचि चौहान, अर्चना कोठारी, श्रद्धा राजपूत, सुगन्धा मंत्री और ज्योति शर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

## भूगर्भ से जुड़े तथ्यों पर एक दिवसीय कार्यशाला

24 अगस्त, आई. आई. आर. एस. विभाग, देहरादून द्वारा 'भूगर्भ से जुड़े तथ्यों का व्यापक एकीकरण आवश्यक' विषयक एक दिवसीय ऑनलाईन कार्यशाला का संचालन किया गया जिसमें नोडल सेन्टर के रूप में कॉलेज के संकाय सदस्य एवं छात्राओं ने प्रतिभागिता दी। इस दौरान आई. आई. आर. एस. के भूविज्ञान विभाग से डॉ. आर.सी. चटर्जी, डॉ. शोवन चट्टोराज, डॉ. प्रतिमा पाण्डे, डॉ. सुरेश कन्नौजिया, डॉ. ममता चौहान और रिचा शर्मा ने ऑनलाईन जुड़े विद्यार्थियों को भूगर्भ से जुड़े तथ्यों का व्यापक एकीकरण विषय की जानकारी प्रदान की। कॉलेज के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि भूगर्भिक तथ्यों के विश्लेषण की आवश्यकता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है, इसके लिए विविध नवाचारों से बनाए गए एप्लीकेशन्स की जानकारी का प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। कार्यशाला का समन्वय रोहिणी यादावार, काजल यादव एवं मीना रानी जैन ने किया।

## एन.एस.एस. स्थापना दिवस पर पौधारोपण

एन.एस.एस. स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में बुबानी ग्राम के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एन.एस.एस. इकाई प्रभारी डॉ. रुचि मिश्रा, रुचि चौहान एवं गीता पालीवाल ने बताया कि विविध किस्मों के 50 से अधिक पौधों को लगाया गया एवं बताया कि हमारे द्वारा गोद लिए गाँव बुबानी हेतु निरंतर राष्ट्रीय सेवा योजना संकल्पबद्ध है। इस पौधारोपण कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाचार्य मलका बख्स, वरिष्ठ अध्यापक, नईमुद्दीन सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## एकता और अनुशासन से ही सफलता सम्भव : मेजर छाया कोरवाल





29 नवम्बर, एन.सी.सी. के 75वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य अतिथि मेजर छाया कोरवाल, 5 राज गर्ल्स बटालियन एन.सी.सी., उदयपुर ने 'एकता और अनुशासन' पर विचार अभिव्यक्त करते हुए कहा कि 'एकता और अनुशासन' से ही कैडेट की सफलता सम्भव होती है। प्राचार्य डॉ. रवि शर्मा ने बताया कि एन.सी.सी. से विद्यार्थी कैडेट एवं कैडेट से राष्ट्र रक्षार्थ अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने का कौशल स्थापित करता है। एन.सी.सी. सीटीओ अंकिता पारीक व पी. आई. सुनील कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

## राजस्थान दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

31 मार्च, राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समन्वय भूगोल विभागाध्यक्ष रोहिणी यादावर ने बताया कि राजस्थान दिवस के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कुल 121 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परिणामों में बी.ए. बी.एड. तृतीय वर्ष की रिंकू जाट ने प्रथम, बी.ए. बी.एड. द्वितीय वर्ष की एश्वर्या मुंदड़ा ने द्वितीय और बी.ए. तृतीय वर्ष की रेन्या देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बी.ए. प्रथम वर्ष की हंसिका चौधरी, बी.ए. द्वितीय वर्ष की सलोनी राठौड़ और बी.एससी. बीएड. द्वितीय वर्ष की कल्पना ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए।

## विज्ञान दिवस पर व्याख्यान : प्रो. सी.पी. पोखरणा




28 फरवरी, इंफिनिटी दी नेचुरल साइंस क्लब द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मुख्य वक्ता प्रो. सी पी पोखरणा, प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनगढ़ ने कहा कि विज्ञान ने हमारे जीवन को सरल करते हुए भू-गर्भ से लेकर अंतरिक्ष के ग्रह नक्षत्रों तक का ज्ञान प्रदान किया हैं। निश्चित ही यह यात्रा गतिशील रहते हुए अनंत खोज की ओर प्रेरित करती रहेगी। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने दिया एवं बताया कि इस अवसर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समन्वय रुचि चौहान, अनुज काबरा, देवश्री जैन, निंकु टाक, सोनाली खियानी, वन्दना जोशी, ज्योति चौहान, सुगन्धा मंत्री ने किया।

## फेयरवेल भंगड़ा बीट्स 2024 मिस फेयरवेल रही चित्रा मेंघानी







29 फरवरी, फेयरवेल भंगड़ा बीट्स 2024 का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि सी.ए. मनीष जैन, स्टेट हेड राजस्थान एवं एम.पी. आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, जयपुर ने अपने उद्बोधन में कहा हमें अपने लक्ष्य प्राप्ति तक अविचल कठिन मेहनत करते हुए अपनी सफलता को प्राप्त करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि एवं प्रबंध समिति सदस्य महावीर कोठारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि ज्ञान आभा वह स्वरूप है जिससे सफलता के आयाम दृष्टिगोचर होते हैं। प्रबंध समिति निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि भंगड़ा बीट्स को देखकर लगता है मानो राजस्थान की धरती पर पंजाब की संस्कृति उतर आई हो। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। भंगड़ा बीट्स 2024 मिस फेयरवेल चित्रा मेघानी, मिस डेज़लर मिताली कास्लीवाल, मिस मॉडेस्ट तमन्ना जैन, मिसहेरिटेज हीरोइन श्रेया जैन, मिस एलिगेंट नम्रता, मिस पंजाबी कुडी जुही मेहरा, मिस फोटोजेनिक मनीषा राठौड, मिस पटाखा कुड़ी महक मेघानी रहीं। समन्वय कल्चरल क्लब के मनीषा यादव, डॉ. वर्षा जैन, श्वेता शर्मा, ज्योति चौहान, प्रियंका कुमावत, कनिका गुप्ता ने किया। संचालन डॉ. रूचि मिश्रा, रवि सोनी, डिम्पल ज्योतियाना, सहित खुशी सोलंकी, माधवी उपाध्याय, गिविशा सुखाड़िया, खुशी चौधरी, अदिति बजाज आदि छात्राओं ने किया।



भंगड़ा बीट्स में राजस्थान की धरती पर पंजाबी संस्कृति

## विश्व कविता दिवस पर काव्य पाठ

21 मार्च, 'विश्व कविता दिवस' पर मुख्य वक्ता डॉ. आकांक्षा सोलंकी ने ऑस्ट्रेलिया से ऑनलाइन सेशन द्वारा छात्राओं को काव्य पाठ प्रस्तुत करने की अभिप्रेरणा के विविध आयामों पर बल देते हुए काव्य पाठ व काव्य सृजन की सीख प्रदान की। समन्वय कविता प्रियदर्शनी व संचालन छात्रा फाल्गुनी और जागृति ने किया। काव्य पाठ में संकाय सदस्य व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नाजमीन बानो ने भाला फेंक में जीता गोल्ड मेडल



30 नवम्बर, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 36वें इंटर कॉलेज की भाला फेंक प्रतियोगिता में नाजमीन बानो, एम. ए. हिंदी साहित्य ने गोल्ड मेडल जीता। हिंदी, विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चम्पावत ने बताया कि इंटर कॉलेज टूर्नामेंट में 15 से अधिक कॉलेजों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिसमें नाजमीन बानो ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भीलवाड़ा में आयोजित भाला फेंक प्रतियोगिता में 34.78 मीटर भाला फेंक कर गोल्ड मेडल जीता जो हमारे लिए गर्व का विषय है। प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समन्वय खेल विभाग की प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष सृष्टि असाटी ने किया।